**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**05.01.2025/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे**

## सोलर प्लांट

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि जनजातीय क्षेत्र काज़ा में दो मैगावॉट का सोलर पावर प्लांट स्थापित किया गया है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को सुनिश्चित और सुचारू बनाना है। उन्होंने आज शिमला में बताया कि कुछ ही महीनों में एक एम.डब्ल्यू.एच. बैटरी स्टोरेज को भी इस प्लांट में जोड़ कर इसे पूर्ण रूप से स्थापित कर दिया जाएगा। और अधिक ब्यौरे के साथ ये रिपोर्ट.......

*राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को ग्रीन स्टेट बनाने के लिए सोलर पावर का अधिक से अधिक दोहन करने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्ष 2026–27 तक प्रदेश में 50 हज़ार उपभोक्ताओं के घरों पर रूफ–टॉप सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए अभी तक 4 हज़ार 4 सौ आवेदन मिले हैं। इसके अलावा राज्य सरकार मांग के आधार पर अलग–अलग क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए खर्चों को नियंत्रित करने सहित विद्युत सब्सिडी और स्टाफ का युक्तिकरण किया जा रहा है।*

## एम.आर.आई. मशीनें

राज्य सरकार ने थ्री टैस्ला एम.आर.आई. मशीनों की खरीद के लिए 85 करोड़ रूपए की राशि जारी की है। ये मशीनें आई.जी.एम.सी. शिमला और टाण्डा व नेरचौक मैडिकल कॉलेजों में स्थापित की जाएंगी। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि थ्री टैस्ला एम.आर.आई. मशीन एक अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण है। इन मशीनों के स्थापित होने से सटीक और गहन विश्लेषण की आवश्यकता वाले चिकित्सा मामलों में सहायता मिलेगी और बीमारियों का उपचार किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि सरकार डेढ़ हज़ार करोड़ रूपए के निवेश से स्वास्थ्य संस्थानों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस करेगी।

## पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि चम्बा ज़िले में निर्माणाधीन बगढार–सुदली–मोरनू–मेल उठाऊ पेयजल योजना का कार्य जल्द पूरा कर इस योजना का लोकार्पण किया जाएगा। डलहौजी के मोरनू गांव में आज एक जनसभा में उन्होंने कहा कि इस योजना के शुरू होने से अगले 25 वर्षों तक क्षेत्र की पेयजल योजना का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा। विधानसभा

अध्यक्ष ने क्षेत्र में अप्पर बकाण संपर्क मार्ग का भी शिलान्यास किया। उन्होंने जनसमस्याएं भी सुनीं और अधिकांश का मौके पर ही निपटारा किया।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले के राजकीय कन्या विद्यालय जुब्बल के खेल छात्रावास भवन का उद्‌घाटन किया। इस भवन के निर्माण पर दो करोड़ 27 लाख रूपए खर्च हुए हैं। इस भवन में छात्राओं को खेलों से जुड़ी अधिक बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। रोहित ठाकुर ने कहा कि खेल छात्रावास के शुरू होने से स्थानीय खिलाड़ियों को घरद्वार पर ही राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

**चुनाव**

प्रदेश भाजपा के 17 संगठनात्मक ज़िलों में से 16 ज़िलों में अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया चल रही है। इन 16 ज़िलों में से 9 ज़िलों में अध्यक्ष आज सर्वसम्मति से निर्वाचित किए गए हैं। चम्बा में धीरज नरयाल, पालमपुर में रागिनी रकवाल, देहरा में अजय खट्‌टा, कुल्लू में अमित सूद, सुंदरनगर में हीरा लाल, मण्डी में निहाल चंद शर्मा, सोलन में रतन पाल सिंह, सिरमौर में धीरज गुप्ता जबकि लाहौल–स्पीति में रिंगजिंग हरियप्पा अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं। पार्टी चुनाव अधिकारी व सांसद राजीव भारद्वाज ने बताया कि 7 ज़िलों में अध्यक्षों का चुनाव कल 6 जनवरी को होगा।

**धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने अध्यापकों से बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ–साथ व्यावहारिक ज्ञान देने का भी आह्वान किया है। वे आज हमीरपुर ज़िले में भोरंज क्षेत्र के भोटी स्थित एक निजी स्कूल के वार्षिक समारोह में बोल रहे थे। राजेश धर्माणी ने इस बात पर भी बल दिया कि आज के दौर में बच्चों को प्रकृति के साथ जीने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है।

**एचएमपी वायरस**

केन्द्र सरकार एच.एम.पी. वायरस के प्रसार पर सभी उपलब्ध माध्यमों से कड़ी निगरानी रख रही है और विश्व स्वास्थ्य संगठन से पिछले कुछ हफ्तों में चीन में बढ़ते श्वसन संबंधी रोगों के बारे में समय पर जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त निगरानी समूह को पता चला है कि ये वायरस भारत सहित विश्वभर में फैल रहे हैं। भारत में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और श्वसन संबंधी गंभीर बीमारी के लिए आई.सी.एम.आर. और आई.डी.एस.पी. नेटवर्कों के जरिए मजबूत निगरानी प्रणाली पहले से मौजूद है। इनसे प्राप्त आंकड़ों से पता चलता है कि रोगियों की संख्या में कोई असाधारण वृद्धि नहीं हुई है। आई.सी.एम.आर. ने एहतियात के तौर पर एच.एम.पी. वायरस के लिए परीक्षण प्रयोगशालाओं की संख्या बढ़ा दी है और यह पूरे वर्ष एच.एम.पी. वायरस की प्रवृत्तियों पर निगरानी रखता है।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना रहा और धूप खिलने से दिन के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले कई दिनों से मौसम साफ रहने से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में सामान्य से 4 से 7 डिग्री सैल्सियस तक बढ़ोतरी हुई है। हालांकि मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते अगले 24 घंटों के दौरान ऊंचाई वाले अधिकतर इलाकों में बर्फबारी और अन्य क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई है।

............................................